दैनिक भास्कर रेवाड़ी भास्कर 23-07-2025

# कोसली कॉलेज में एमएससी मैथ में दाखिले के लिए 29 जुलाई तक आवेदन करें

कोसली| कोसली स्थित राजकीय महाविद्यालय में एमएससी मैथ में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है।



प्राचार्या डॉ. लाज कौशल ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी 29 जुलाई तक उच्चतर शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

एमएससी मैथ में दाखिले के लिए स्नातक में गणित विषय के साथ डिग्री होना जरूरी है। 31 जुलाई को उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा पहली वरीयता सूची जारी की जाएगी। सूची में नाम आने वाले विद्यार्थी ही दाखिले के पात्र होंगे। प्राचार्या ने बताया कि दस्तावेजों के ऑनलाइन सत्यापन के लिए समिति बना दी गई है। यह समिति प्रतिदिन दस्तावेजों की जांच करेगी। किसी दस्तावेज या जानकारी में त्रुटि मिलने पर विद्यार्थी को सुधार का मौका मिलेगा।

दैनिक भास्कर

रेवाड़ी भास्कर 14-09-2025

# कोसली के राजकीय कॉलेज में भाषण और कविता पाठ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कोसली | राजकीय महाविद्यालय कोसली में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भाषण व कविता पाठ प्रतियोगिता व राष्ट्रीय सुरक्षा योजना प्रभारी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना परिचय समारोह का आयोजन किया गया। भाजपा के पूर्व महामंत्री वीर कुमार यादव बतौर मुख्य अतिथि और रमेश शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। प्राचार्या डॉ. लाज कौशल ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। सेवा योजना प्रभारी डॉ. संध्या ने विद्यार्थियों से राष्ट्रीय सेवा योजना संबंधित सभी जानकारियां दी। मुख्य अतिथि वीर कुमार यादव ने विद्यार्थियों से अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए। भाषण में कुसुम, कविता पाठ में मुस्कान प्रथम रही। हिंदी विभाग अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, नागेश कुमार, मंजीत कुमार, संजीव कुमार, सुधीर कुमार, प्रीतम, विकास शर्मा, जसवंत जाखड़, रेनू यादव व नीलम यादव उपस्थित रहे।